

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस
PATWAR
HIGH COURT
रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF
BANK
SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक
I^st ग्रेड
REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 9 October 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 9 अक्टूबर का इतिहास

- **2008 :** केंद्र सरकार ने तेल को माफिया से बचाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति बनाई।
- **2007 :** चीन ने भारत पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया।
- **2006 :** गूगल ने यू-ट्यूब के अधिग्रहण की घोषणा की।
- **1949 :** स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर सी. राजगोपालाचारी ने आधिकारिक रूप से प्रादेशिक सेना का उद्घाटन किया।
- **1914 :** प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी की सेना ने बेल्जियम के एंटवर्प पर कब्जा किया।

## 9 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर युनकिंग तांग को 2022 के लिए सस्त्र रामानुजन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार 20-22 दिसंबर, 2022 के दौरान सस्त्र विश्वविद्यालय में संख्या सिद्धांत पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया जाएगा।
- मोर्टन मेल्डल, कैरोलिन आर. बर्टोजजी और के.बैरी शार्पलेस ने रसायन विज्ञान में 2022 का नोबेल पुरस्कार जीता। उनके काम के कैंसर के इलाज सहित चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में कई एप्लीकेशन हैं। क्लिक केमिस्ट्री अणुओं को एक साथ मिलाकर नए अणु बनाने की प्रक्रिया है। बैरी शार्पलेस और मोर्टन मेल्डल को क्लिक केमिस्ट्री की नीवं रखने और केमिस्ट्री को कार्यात्मकता के युग में लाने के लिए नोबेल पुरस्कार मिला।
- व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का अनुमान है कि भारत की अर्थव्यवस्था 2022 में 5.7% और 2023 में 4.7% बढ़ेगी। अपनी वार्षिक व्यापार और विकास रिपोर्ट 2022 में इसने कहा कि 2022 में विश्व अर्थव्यवस्था के 2.6% बढ़ने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया एक वैश्विक मंदी और ठहराव की ओर बढ़ रही है।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की घोषणा की। इससे जम्मू-कश्मीर में गुंजर और बकरवाल के साथ पहाड़ी समुदाय को भी आरक्षण दिया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरक्षण शुरू किया जाएगा। न्यायमूर्ति जीडी शर्मा आयोग द्वारा सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट में पहाड़ी लोगों के लिए आरक्षण की सिफारिश की गई थी।
- भारत निर्वाचन आयोग ने पंकज त्रिपाठी को अपना नेशनल आइकॉन घोषित किया है।
- महाराष्ट्र राज्य के उप मुख्यमंत्री ने वंदे मातरम पहल शुरू की है।
- अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में एसटी श्रेणी के तहत पहाड़ी समुदाय के लिए आरक्षण की घोषणा की।
- चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों से चुनावी वादों की वित्तीय व्यवहार्यता पर अपने घोषणापत्र में प्रामाणिक जानकारी देने को कहा।
- सरकार ने अगले 500 दिनों में 25000 मोबाइल टॉवर लगाने के लिए 26000 करोड़ रूपये की राशि मंजूर कर दी है। दूरसंचार मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। इस परियोजना के लिए वित्तीय समर्थन सार्वभौम सेवा दायित्व कोष से किया जाएगा और भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क इसका क्रियान्वयन करेगा। दूरसंचान मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस परियोजना की घोषणा की।
- नेशनल ब्यूरो ऑफ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज के वैज्ञानिकों ने एक नई कैटफिश प्रजाति की खोज की है। यह खोज मेट्टूर बांध के निकट कावेरी नदी से की गई है। नई खोजी गई मछली प्रजातियों का नाम Pangasius Icaria रखा गया है। इस खोज को अंतर्राष्ट्रीय जर्नल PeerJ में प्रकाशित किया जाएगा। यह खोज प्रजातियों के संरक्षण पर भविष्य के अनुसंधान आदि के लिये महत्वपूर्ण है।
- संदीप कुमार को GAIL के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है।
- PFC-VoW बुक अवॉर्ड्स ने अपने छठे संस्करण में वर्ष 2022 के लिए पुरस्कृत पुस्तकों की सूची जारी की है। इस पुरस्कार ने बहुत ही कम समय में अपनी पहचान बना ली है। वर्ष 2022 के पुरस्कारों के लिए देश भर के 37 प्रकाशन गृहो से 400 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए। प्रति श्रेणी 10 पुस्तकों की समीक्षकों द्वारा प्रशंसित लंबी सूची को शॉर्टलिस्ट में अंतिम पांच में लाया गया और फिर अंतिम विजेताओं का चयन आठ श्रेणियों में से प्रत्येक के लिए आठ-एक सदस्य के एक सम्मानित जूरी द्वारा किया गया।
- देश की सबसे पहली ग्रीन एनर्जी कंपनियों में से एक सुजलॉन एनर्जी के संस्थापक, चेयरमैन और प्रबंधक निदेशक तुलसी तांती का निधन हो गया।
- केरल राज्य का पुल्लमपारा ग्राम पंचायत देश का पूर्ण डिजिटल साक्षरता वाला ग्राम पंचायत बन गया है। इसकी अधिकारिक घोषणा प्रदेश के मुख्यमंत्री ने वेंजारामूडु के पास मामूडु में एक समारोह में की है।
- सरकार ने 500 दिनों में 25 हजार मोबाइल टावर लगाने के लिए 26000 करोड़ रूपये की मंजूरी दी।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व डाक दिवस (International Post Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 9 अक्टूबर (B) 10 अक्टूबर
(C) 11 अक्टूबर (D) 12 अक्टूबर

**(A)** हर साल 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस मनाया जाता है। विश्व डाक दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को डाक के महत्व को बताना तथा डाक के प्रति लोगों को जागरूक करना है। और डाक विभाग के कर्मचारी के साथ अच्छा व्यवहार करें। भारतीय प्रतिनिधिमंडल के एक सदस्य श्री आनंद मोहन नरूला ने पहली बार 1969 की यूपीयू कांग्रेस बैठक में डाक सेवाओं की अवधारणा की घोषणा की, और तब से 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस के रूप में चिन्हित किया जाता है।




**2. हाल ही में किस बैंक ने ग्राहकों और गैर ग्राहकों के लिए व्हाट्सएप बैंकिंग सेवा शुरू की है ?**

(A) बैंक ऑफ बड़ौदा (B) भारतीय रिजर्व बैंक
(C) पंजाब नेशनल बैंक (D) HDFC बैंक

**(C)** हाल ही में पंजाब नेशनल बैंक ने ग्राहको और गैर ग्राहकों के लिए व्हाट्सएप बैंकिंग सेवा शुरू की है। व्हाट्सएप पर बैंकिंग सेवा शुरू करने के लिए ग्राहकों को PNB के आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 9264092640 को अपने मोबाइल में सेव करना होगा और इस नंबर पर हैलो भेजकर बातचीत शुरू करनी होगी।




**3. साहित्य का नोबेल पुरस्कार 2022 से किसे सम्मानित किया गया ?**

(A) एनी एर्नॉक्स (B) कैरोलिन बर्टोजी
(C) बैरी शार्पलेस (D) जॉन एफ क्लॉजर

**(A)** साल 2022 का साहित्य का नोबेल पुरस्कार फ्रांसीसी लेखिका एनी एर्नॉक्स को दिया गया है। एनी ने अपनी लेखनी के जरिए साहसिक क्लिनिकल एक्यूटी पर कई लेख लिखे हैं। एनी का मानना है कि लेखन एक राजनीतिक कार्य है, जो सामाजिक असमानता के लिए हमारी आंखे खोलता है। इस उद्देश्य के लिए वह भाषा को चाकू के रूप में इस्तेमाल करती है।



**4. रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार 2022 से किसे सम्मानित किया गया ?**

(A) कैरोलिन बर्टोजी (B) मोर्टन मेल्डल
(C) बैरी शार्पलेस (D) उपरोक्त सभी

**(D)** वैज्ञानिक कैरोल बर्टोजी, मोर्टन मेल्डल और बैरी शार्पलेस को क्लिक केमिस्ट्री और बायोऑर्थोगोनल केमिस्ट्री के विकास के लिए रसायन विज्ञान में 2022 का नोबेल पुरस्कार जीता। यह पुरस्कार 81 वर्षीय शार्पलेस के लिए दूसरा नोबेल है, जिन्होंने 2001 में रसायन विज्ञान का नोबेल जीता था।




**5. स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध होने के लिए पात्र होने के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको का न्यूनतम निवल मूल्य कितना है ?**

(A) 200 करोड़ रूपये (B) 300 करोड़ रूपये
(C) 400 करोड़ रूपये (D) 500 करोड़ रूपये

**(B)** हाल ही में वित मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध होने और धन जुटाने के लिए पात्र होगे यदि पास पिछले तीन वर्षो में कम से कम 300 करोड़ रूपये का शुद्ध मूल्य है। ऐसे बैंकों के पास पिछले तीन वर्षो में से प्रत्येक में 9 प्रतिशत की पूंजी पर्याप्तता होनी चाहिए।



**6. हाल ही में फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 का शुभारंभ किया ?**

(A) अनुराग ठाकुर (B) विजय सांपला
(C) हर्षवर्धन सिंह (D) विजय गोयल

**(A)** फिट इंडिया फ्रीडम 3.0 का शुभारंभ 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में किया गया। फिट इंडिया रन का तीसरा संस्करण 31 अक्टूबर तक चलेगा। प्रधानमंत्री के विजन को दोहराते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी ने 2019 में फिट इंडिया आंदोलन की शुरूआत की तो उनका विजन पूरे देश को फिट बनाना था।




**7. टिकुली पेंटिंग का संबंध भारत के किस राज्य से है ?**

(A) राजस्थान (B) बिहार
(C) हरियाणा (D) उत्तराखंड

**(B)** टिकुली कला बिहार की बेहतरीन शिल्प-कलाओं में से एक है। टिकुली शब्द बिंदी का एक रूप होता है। इसका अपना एक समृद्ध इतिहास है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि यह कला करीब 800 वर्ष पूर्व पटना में शुरू हुई थी। बिहार की इस दुर्लभ कला को साकार करने की प्रक्रिया अत्यंत जटिल थी।



**8. सतत विकास लक्ष्य एक्शन अवॉर्ड्स का संबंध किससे है ?**

(A) विश्व आर्थिक मंच (B) वर्ल्ड वाइड फण्ड फॉर नेचर
(C) ब्लू पैसिफिक इनिशिएटिव (D) संयुक्त राष्ट्र संगठन

**(D)** हाल ही में भारतीय महिला अधिकार कार्यकर्ता सृष्टि बख्शी ने UN SDG (युनाइटेड नेशंस सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स) एक्शन अवॉर्ड्स में चेंजमेकर पुरस्कार जीता है। यह अवॉर्डर्स यूनाइटेड नेशंस सस्टेनेबल डेवलपमेंट एक्शन कैंपेन का एक प्रमुख कार्यक्रम है।



**9. FIBA महिला बास्केटबॉल विश्व कप 2022 किसने जीता ?**

(A) चीन (B) भारत
(C) यूएसए (D) पाकिस्तान

**(C)** संयुक्त राज्य अमेरिका ने सिडनी सुपरडोम, ऑस्ट्रेलिया में अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ महिला बास्केटबॉल विश्व कप जीतने के लिए चीन को हराया। अमेरिका ने लगातार चौथा और कुल 11वां खिताब जीता और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में भी एक स्थान पक्का कर लिया।



**10. हाल ही में किस देश ने अमीरों के लिए कर में कटौती के प्रस्ताव को रद्द कर दिया है ?**

(A) यूके (B) ब्रिटिश
(C) पाकिस्तान (D) भारत

**(A)** ब्रिटिश प्रधानमंत्री लिज ट्रस को अमीरों के लिए आयकर की उच्चतम दर में कटौती करने की योजना को उलटने के लिए मजबूर होना पड़ा। इससे पहले सरकार ने एक प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की, जिसमें कर कटौती में 45 बिलियन पाउंड शामिल है, जिसका भुगतान सरकारी उधारी द्वारा किया जाना है।

